# चिकित्सा संबंधी वित्तीय सहायता नीति का सारांश

Kaiser Permanente एक Medical Financial Assistance (MFA) कार्यक्रम की पेशकश करता है जिससे रोगी देखभाल के लिए भुगतान करने में मदद पा सकते हैं। यह Kaiser Permanente द्वारा मुहैया कराई जाने वाली आवश्यक देखभाल के लिए दवा सहित, आपकी लागत के सभी या कुछ हिस्से को कवर कर सकता है। नीचे बताए गए अनुसार आर्थिक ज़रूरत के आधार पर मदद मिलती है।

**कौन पात्र हैं?**

अगर आपकी आय कम है, आपके पास बीमा नहीं है या बीमा की रकम कम है, तो आप पात्र हो सकते हैं। आमतौर पर, आप वित्तीय सहायता के लिए तब पात्र होते हैं, जब:

- अगर आपकी घरेलू आय संघीय गरीबी दिशानिर्देशों के 300% पर या उससे कम है
- या अगर आपकी चिकित्सा की लागत, आपकी आय की तुलना में बहुत अधिक है

**प्रोग्राम में किस चीज़ के लिए भुगतान किया जाएगा?**

MFA कार्यक्रम आपको Kaiser Permanente द्वारा मुहैया कराई गई आवश्यक देखभाल के लिए भुगतान करने में मदद कर सकता है। इसमें आपातकालीन एवं तत्काल देखभाल और फ़ार्मेसी संबंधी सेवाएं शामिल हैं। प्रोग्राम में पूरे बिल या उसके हिस्से को कवर किया जा सकता है।

प्रोग्राम इनके लिए भुगतान नहीं करेगा:

- चिकित्सा से जुड़ा परिवहन
- हेल्थ केयर प्रीमियम
- कॉस्मेटिक सर्जरी, इंफ़र्लिटी केयर या सरोगेसी से जुड़ी लागत
- Kaiser Permanente से बाहर मुहैया कराई गई स्वास्थ्य देखभाल
- ऐसी देखभाल, जिसे Kaiser Permanente के प्रदाता द्वारा चिकित्सीय रूप से ज़रूरी नहीं माना गया था

पूरी लिस्ट के लिए, kp.org/mfa पर MFA की नीति पढ़ें।

**आवेदन करने का तरीका क्या है?**

आप ऑनलाइन, मेल भेजकर, फ़ैक्स करके या कार्यालय आकर आवेदन कर सकते हैं। kp.org/mfa पर विज़िट करना और हमारे सुरक्षित ऑनलाइन आवेदन का लिंक पाने के लिए साइन अप करना, आवेदन करने का सबसे तेज़ तरीका है। आपकी पात्रता निर्धारित करने के लिए ऑनलाइन आवेदन में आपसे कई सारे सवाल पूछे जाएंगे।

आपको kp.org/mfa पर एक रिक्त आवेदन-पत्र भी मिल सकता है।

आप प्रवेश करने या बिलिंग प्रक्रिया के दौरान किसी भी समय आवेदन कर सकते हैं। मदद मांगने के लिए आपको बिल का इंतज़ार करने की ज़रूरत नहीं है।

कुछ मामलों में, MFA प्रोग्राम आपके द्वारा आवेदन किए बिना ही आपकी देखभाल के लिए भुगतान करने में मदद कर सकता है।

अगर आप सहायता के लिए पात्र हैं, तो हम आपसे देखभाल के लिए आम तौर पर बिल की गई राशि (AGB) से ज़्यादा शुल्क नहीं लेंगे। AGB से जुड़ी ज़्यादा जानकारी के लिए, kp.org/mfa पर जाएं।

**आवेदन करने के लिए मुझे किस जानकारी की ज़रूरत पड़ेगी?**

आवेदन करते समय आपसे नीचे दी गई जानकारी मांगी जाएगी:

- घर में रहने वाले लोगों की संख्या और घर में सभी वयस्कों की आय की जानकारी
- स्वास्थ्य देखभाल संबंधी लागत, अगर पता हो

KAISER PERMANENTE®

- आय का प्रमाण

आय का प्रमाण देने से हमें यह निर्धारित करने में मदद मिलती है कि आप पात्र हैं या नहीं।

**मुझे कब पता चलेगा कि मेरा आवेदन स्वीकार कर लिया गया है?**
अगर आपका आवेदन पूरा हो गया है, तो हम आपको 30 कारोबारी दिनों के भीतर हमारे फ़ैसले के साथ एक पत्र भेजेंगे। अगर हम आपके अनुरोध को अस्वीकार करते हैं, तो पत्र में अपील करने के निर्देश शामिल होंगे।

अगर आपका आवेदन अधूरा है, तो हम आपसे संपर्क करेंगे। हम आपको एक तारीख देंगे, जिससे पहले आपको छूट गई जानकारी देनी होगी। अगर आपका आवेदन अभी भी अधूरा रहता है, तो हो सकता है कि आपको वित्तीय सहायता न मिले।

**मुझे ज़्यादा जानकारी कहां मिल सकती है?**
आपको kp.org/mfa पर ज़्यादा जानकारी के साथ MFA नीति और आवेदन-पत्र मिल सकता है। जानकारी कई भाषाओं में, स्क्रीन पर पढ़े जाने योग्य फ़ॉर्मेट में उपलब्ध है। आप **404-949-5112** (TTY **711**) पर भी कॉल कर सकते हैं।

## अन्य वित्तीय सहायता

**स्वास्थ्य देखभाल के भुगतान के लिए सहायता पाएं**
अगर आपके पास हेल्थ केयर कवरेज़ नहीं है, तो Kaiser Permanente सहायता कर सकता है। अपने विकल्पों के बारे में जानने के लिए, सोमवार से शुक्रवार, सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे के बीच **1-800-479-5764** (TTY **711**) पर कॉल करें।

**जीवन-यापन से जुड़े खर्चों के लिए सहायता पाएं**
अगर आपको भोजन, आवास, इंटरनेट या अन्य सुविधाओं के लिए भुगतान करने और ऐसी बहुत-सी ज़रूरी चीज़ों के लिए सहायता चाहिए, तो kp.org/socialhealth पर विज़िट करें। या कम्युनिटी सपोर्ट हब को सोमवार से शुक्रवार, सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक, **1-800-443-6328** (TTY **711**) पर कॉल करें।

*(आगे से जारी)*

## MFA नीति, आवेदन-पत्र और प्रोग्राम की जानकारी की कॉपी पाने का तरीका क्या है

**ऑनलाइन**
kp.org/mfa

**फ़ोन**
**404-949-5112** (TTY **711**) पर कॉल करें।

**व्यक्तिगत**
आवेदन से जुड़े सवालों का जवाब देने के लिए वित्तीय सलाहकार सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को सुबह 8:30 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक उपलब्ध रहते हैं।

## आवेदन करने के तरीके

**ऑनलाइन आवेदन करें**
kp.org/mfa

**यहां फ़ैक्स करें**
अपना भरा हुआ आवेदन 1-877-899-5635 पर फ़ैक्स करें

**यहां डाक से भेजें**
अपना भरा हुआ आवेदन इस पते पर डाक से भेजें:
Kaiser Permanente
Nine Piedmont Center
3495 Piedmont Rd., NE
Atlanta, GA 30305

**इसे यहां ड्रॉप करें**
अपना भरा हुआ आवेदन किसी भी Kaiser Permanente चिकित्सा कार्यालय भवन के रोगी व्यवसाय कार्यालय में छोड़ें।

©Kaiser Foundation Health Plan of Georgia

KAISER PERMANENTE®

# NOTICE OF LANGUAGE ASSISTANCE SERVICES

**English:** If you need help in your language, language assistance is available at no cost to you, 24 hours a day, 7 days a week (closed holidays). Call our Member Service Contact Center at 1-800-464-4000 (TTY 711) for help or visit any registration desk for more information at any Kaiser Permanente hospital, Monday through Friday, 8 a.m. to 5 p.m. Aids and services for people with disabilities, like documents in braille, large print, audio, and other accessible electronical formats are also available.

**Chinese：** 如果您需要使用您的语言获得帮助，我们每周 7 天、每天 24 小时免费提供语言帮助（节假日休息）。请致电 1-800-464-4000 (TTY 711) 联络我们的会员服务联络中心以寻求帮助，或前往任何 Kaiser Permanente 医院的登记台了解更多信息，我们的服务时间为周一至周五上午 8 点至下午 5 点。我们还为残疾人提供辅助工具和服务，例如盲文、大字体、音频和其他无障碍电子格式的文档。

**Spanish:** Si necesita ayuda en su idioma, contamos con asistencia de idiomas sin costo alguno para usted las 24 horas del día, los 7 días de la semana (excepto los días festivos). Comuníquese con nuestra Central de Llamadas de Servicio a los Miembros al 1-800-464-4000 (TTY 711) para obtener ayuda. O visite el mostrador de recepción en cualquier hospital de Kaiser Permanente para obtener más información, de lunes a viernes, de 8 a. m. a 5 p. m. También ofrecemos ayudas y servicios para personas con discapacidades, como documentos en braille, letra grande, audio y otros formatos electrónicos accesibles.

KAISER PERMANENTE®